E.No.94715

प्रेषक,

युगल किशोर पंत,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
संस्कृति निदेशालय,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

संस्कृति अनुभाग देहरादूनः दिनाँकः10 दिसम्बर, 2025

विषयः– राज्य अभिलेखागार भवन, देहरादून के अनुरक्षण कार्यों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्र संख्या–2686/सं0नि0उ0/तृतीय–15/2025–26, दिनांक 17.10.2025 के संदर्भ क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विषयगत अनुरक्षण कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग द्वारा गठित आगणन रू0 65.00 लाख की धनराशि के सापेक्ष चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में तत्सम्बन्धी मानक मद में उपलब्ध रू0 50.00 लाख की धनराशि को व्यय किये जाने की श्री राज्यपाल द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान की जाती हैं।

3– उक्त स्वीकृति निम्नांकित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती हैः–

(I) उक्त स्वीकृत धनराशि के सम्बन्ध में वित्त विभाग के शासनादेश संख्या–I/287566, दिनांक 31 मार्च, 2025 में निहित शर्तों एवं प्रतिबन्धों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(II) मितव्ययी मदों में व्यय आवंटित सीमा तक ही सीमित रखा जाय। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का आवंटन किसी ऐसे व्यय को करने का अधिकार नहीं देता जिसे व्यय करने के लिए बजट मैनुअल वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों एवं अन्य आदेशों के अधीन व्यय करने से पूर्व सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक है, ऐसा व्यय सम्बन्धित प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त कर ही किया होगा।

(III) विषयगत अनुरक्षण कार्यों के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (संशोधित) नियमावली, 2017 (समय –समय पर यथासंशोधित) का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(IV) व्यय में मितव्ययता नितान्त आवश्यक है। व्यय करते समय मितव्ययता के सम्बन्ध में समय–समय पर जारी किये गये शासनादेशों में निहित निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

4– उक्त के सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 के अनुदान संख्या–11 के मुख्य लेखाशीर्षक–2205–कला एवं संस्कृति–104–राज्य अभिलेखागार –03–राज्य अभिलेख–51 –अनुरक्षण मानक मद के नामें डाला जायेगा।

भवदीय,

Digitally signed by YUGAL KISHORE PANT
Date: 10-12-2025 12:20:06

(युगल किशोर पंत)

सचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– प्रधान महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2– वित्त अधिकारी, साईबर ट्रेजरी देहरादून।
3– वित्त अनुभाग–3, उत्तराखण्ड शासन।
4– बजट राजकोषीय नियोजन एवं संसाधन निदेशालय, उत्तराखण्ड।
5– अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग देहरादून।
6– गार्ड फाईल।

(प्रदीप जोशी)
अपर सचिव।

Digitally signed by
Pradeep Kumar Joshi
Date: 10-12-2025
14:14:42

File No. CR-MISC/1/6/2025-VI-2-Culture and Religion Department (Computer No. 94715)
Generated from eOffice by UMRAO SINGH GUSAIN, RO-Culture and Religion Section-USG, REVIEW OFFICER, Culture and Religion Department on 10/12/2025 03:27 pm